Downloaded From : www.sforstudy.in
www.sforstudy.in

# उत्तर प्रदेश पुलिस उप-निरीक्षक (SI) ऑनलाइन भर्ती परीक्षा 2017

## हल प्रश्न-पत्र (14-12-2017, द्वितीय पाली)

## भाग 1 सामान्य हिन्दी

**1. 'घोंसला' का बहुवचन शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) घोसलों (b) घोसला-घोसला
(c) घोसलिं (d) घोंसले

**2. प्रस्तुत पंक्ति को पूर्ण करने के लिए दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें**
**'एक ........... मोतियों से ........ '**
(a) बूँद, जड़ा (b) थाल, जड़ा
(c) जाल, जड़ा (d) घड़ा, खड़ा

**3. 'कितनी नावों में कितनी बार' रचना को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**
(a) देव पुरस्कार (b) सरस्वती सम्मान
(c) व्यास सम्मान (d) ज्ञानपीठ पुरस्कार

**4. निम्न विकल्पों में से सही वाकय पहचानिये**
(a) हमें परस्पर प्रेम से रहना चाहिए
(b) हमें परस्पर से प्रेम में रहना चाहिए
(c) हमें परस्पर में प्रेम्का में रहना चाहिए
(d) हमें परस्पर में प्रेम रखना चाहिए

**5. 'भगवान' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) भगवती (b) भाग्यवती
(c) भागिनी (d) भाग्यवान

**6. "प्लेटो प्रत्ययवादी या आत्मवादी दार्शनिक थे।" प्रस्तुत वाक्य में त्रुटिवाचक शब्द कौन-सा है?**
(a) दार्शिनक (b) प्लेटो
(c) प्रत्ययवादी (d) आत्मवादी

**7. निम्न विकल्पों में से सही शब्द चुनिए।**
(a) पुर्नजागरण (b) पुनरजागरन
(c) पुनरजागरण (d) पुनर्जागरण

**8. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें इस ग्रंथ को इतिहास की ........ से भी एक महत्त्वपूर्ण रचना माना गया है।**
(a) दृष्टि (b) तुलना (c) पन्ने (d) ओर

**9. 'जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताई जाए' वह क्या कहलाता है?**
(a) विशेष्य (b) विशेषण (c) प्रविशेषण (d) प्रविशेष्य

**10. 'जहाँ उपमालंकार का सौन्दर्य अर्थ में निहित हो' वह कौन-सा अलंकार कहलाता है?**
(a) शब्दालंकार (b) अर्थालंकार
(c) उभयालंकार (d) अलंकार

**11. दिए गए विकल्पों में से किस शब्द का बहुवचन 'रचनाएँ हैं?**
(a) रचना (b) रचयिता
(c) रचनाना (d) रचनाओं

**12. 'जहाँ किसी की बात किसी और पर डाल कर कही जाये', वह कौन-सा अलंकार है?**
(a) अतिश्योक्ति (b) असंगति
(c) दृष्टांत (d) अन्योक्ति

**13. इनमें कौन-सी कृति कवि सूरदास की गई है**
(a) साहित्य लहरी (b) सूरसागर
(c) सूरसारावली (d) सुंदर विलास

**14. 'निष्कवच' उपन्यास किस लेखक की कृति है?**
(a) राजी सेठ (b) शिवानी (c) कृष्णा सोबती (d) अमृता प्रीतम

**15. 'पुराने चावल' मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) आकांक्षी (b) शातिर
(c) अनुभवी (d) घमण्डी

**16. 'अंचल' किस साहित्यकार का उपनाम है?**
(a) हरिवंश राय (b) बालकृष्ण शर्मा
(c) बद्रीनाथ भट्ट (d) रामेश्वर शुक्ल

**17. दिए गए विकल्पों में से 'अरण्य' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**
(a) पावक (b) वारण (c) कानन (d) सदन

**18. 'बारिश बहुत ज्यादा हो रही है'–इस वाक्य में 'ज्यादा' शब्द क्या है?**
(a) संज्ञा (b) क्रिया
(c) सर्वनाम (d) क्रियाविशेषण

**19. दिए गए विकल्पों में से 'गोष्ठी' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?**
(a) काया (b) सभा (c) कोष (d) कलेवर

**20. दिए गए विकल्पों में से 'स्तुति' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है?**
(a) प्रशंसा (b) अशुभ (c) शुभ (d) निंदा

**21. दिए गए विकल्पों में से 'केहरी' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**
(a) मतंग (b) केसरी (c) कपि (d) हरिण

**22. दिए गए विकल्पों में से 'भर्ता' का स्त्रीलिंग शब्द पहचानिए**
(a) भर्तिनी (b) भर्तारी
(c) भर्ती (d) भर्त्री

Downloaded From : www.sforstudy.in

 Downloaded From : www.sforstudy.in

**23. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर प्रस्तुत वाक्य को पूर्ण कीजिए**
**''रवीन्द्रनाथ ठाकुर को नोबल पुरस्कार मिलने के ......... में ब्रिटिश समाचार पत्रों में मिश्रित .......... हुई।''**
(a) समाचार, उत्तेजना (b) खुशी, प्रेम
(c) भाषा, रचना (d) संबंध, प्रतिक्रिया

**24. 'सागर-सा गम्भीर हृदय हो,**
**गिरी-सा ऊँचा हो जिसका मन।'–इस वाक्य में कौन-सा अलंकार है?**
(a) श्लेष (b) यमक (c) उपमा (d) उत्प्रेक्षा

**25. दिए गए विकल्पों में से 'वस्तु' का बहुवचन शब्द पहचानिए।**
(a) वस्तुओं (b) वस्तूओं (c) वस्तुएँ (d) वासतों

**26. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास के रचयिता कौन है?**
(a) भीष्म साहनी (b) नरेन्द्र कोहली
(c) राजेन्द्र यादव (d) संजीव

**27. निम्न विकल्पों में से सही वाक्य पहचानिए**
(a) पदमावत के रचयिता कबीर हैं
(b) पदमावत के रचयिता बिहारी हैं
(c) पदमावत के रचयिता जायसी हैं
(d) पदमावत के रचयिता तुलसी हैं

**28. किस कवि को 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है?**
(a) अज्ञेय (b) जयशंकार प्रसाद
(c) सुमित्रानन्दन पंत (d) नागार्जुन

**निर्देश** (प्र. सं. 29-31) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

पर्यटन आधुनिक सभ्य समाज में अपना एक विशिष्ट महत्त्व रखता है। आज व्यक्ति एक स्थान विशेष पर सिमटकर नहीं रह गया है। पर्यटन एक उद्योग का रूप धारण कर चुका है तथा सरकारी प्रोत्साहन का एक मुख्य विषय बन चुका है। आधुनिक युग में पर्यटन का महत्त्व भी बढ़ गया है। यह न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। पर्यटन से कई व्यवसाय पनपते हैं, हस्तशिल्प व लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलता है, पर्यटन रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराता है।

**29. 'पर्यटन' आज किसका रूप धारण कर चुका है?**
(a) रोजगार का (b) उद्योग
(c) कला का (d) शिल्प का

**30. गद्यांश में पर्यटन शब्द कितनी बार प्रयोग में आया है?**
(a) 4 (b) 3
(c) 6 (d) 5

**31. दिए गए विकल्पों मं से 'लघु' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा विकल्प है?**
(a) छोटा (b) विशाल (c) दीर्घ (d) बड़ा

**32. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें इस घटना के बाद आजादी हासिल करने की इच्छा और जोर से ......... पड़ी।**
(a) गुमराह (b) गरज (c) उमड़ (d) भनक

**33. 'थोथा ......... बाजे ......... ' – लोकोक्ति को उचित विकल्प से पूर्ण कीजिए।**
(a) काला, घोड़ा (b) चना, घना
(c) घोड़ा, काला (d) घना, चना

**34. जहाँ अनेक व्यंजनों की एक बार स्वरूपत: व क्रमश: आवृत्ति हो, वहाँ कौन-सा प्राप्त प्रयुक्त होता है?**
(a) वक्रोक्ति (b) लाटानुप्रास (c) वृत्यानुप्रास (d) छेकानुप्रास

**35. दिए गए विकल्पों में से 'उत्थान' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है?**
(a) अनिष्ट (b) उत्कर्ष (c) चेतन (d) पतन

**36. निम्नलिखित में से प्राचीन भारतीय आर्य भाषा कौन-सी है?**
(a) अपभ्रंश (b) प्राकृत
(c) वैदिक संस्कृत (d) पालि

**37. 'गर्व करना' विकल्पों में दिए गए हुए में से किस मुहावरे का अर्थ है?**
(a) ऐंठ कर चलना (b) दिन काटना
(c) ओले पड़ना (d) डींग हाँकना

**38. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर प्रस्तुत वाक्य को पूर्ण कीजिए**
**''गणेश जी महाभारत लिखने को तैयार हो गये, ....... उन्होंने एक शर्तरखी की कलम एक बार उठा लेने के बाद काव्य ....... होने तक वे बीच में नहीं रुकेंगे।''**
(a) परन्तु, घोषित (b) और, अघोष
(c) लेकिन, कपन (d) किन्तु, समाप्त

**39. 'गुड ना दे, गुड की ........' – इस लोकाक्ति विकल्प से पूर्ण कीजिए।**
(a) रोष तो करे (b) लड़ाई तो करे
(c) सी बात तो करे (d) राज तो करे

**40. 'कल शायद परीक्षा परिणाम घोषित हो'–इस वाक्य में काल प्रयुक्त हुआ है?**
(a) सामान्य भविष्यकाल (b) संभाव्य भविष्यकाल
(c) भविष्यतकाल (d) अपूर्ण भविष्यकाल

## भाग 2 मूलविधि एवं संविधान / सामान्य अध्ययन

**41. विंस्टल चर्चिल द्वारा घोषित कौन-सा घोषणापत्र भारत पर लागू नहीं किया गया था?**
(a) अटलांटिक घोषणा-पत्र
(b) बर्न का गोल्डन घोषणा-पत्र
(c) ब्रेस्ट घोषणा-पत्र (d) पोंगन घोषणा-पत्र

**42. प्राचीन समुद्री बंदरगाह 'मुजिरिस' किस भारतीय राज्य में स्थित था?**
(a) केरल (b) गुजरात
(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

**43. शाकीय विज्ञान किस के उत्पादन और विपणन से सम्बन्धित है?**
(a) फूल (b) चकोतरा फल (c) अंगूर (d) सब्जियाँ

**44. इस यातायात संकेत का क्या अर्थ है?**



Downloaded From : www.sforstudy.in

Downloaded From : www.sforstudy.in



(a) सड़क नीचे जाती है (b) आगे सपाट रास्ता है
(c) आगे अवरोध है (d) आगे संकरा पुल है

**45. किसी भी विषय पर समान मतदान होने पर संसद के किसी भी सदन के स्पीकर द्वारा मत डालने को .......... कहा जाता है।**
(a) विशेषाधिकार मत (b) विशेषाधिकार प्रस्ताव
(c) मतदान करना (d) अधिमत

**46. इनमें से कौन-सा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (आई ओ सी डी) द्वारा लक्षित लोकप्रिय उद्योग नहीं है?**
(a) रियल एस्टेट
(b) रसायन और प्लास्टिक विनिर्माण
(c) दूरसंचार
(d) व्यापार सेवाएँ

**47. भूमध्य सागरीय वन्य झाड़ियाँ किस जलवायु क्षेत्र में है?**
(a) गर्म शीतोष्ण क्षेत्र (b) भूमध्यवर्ती क्षेत्र
(c) ठण्डे शीतोष्ण क्षेत्र (d) गर्म क्षेत्र

**48. इंदिरा साहनी निर्णय के रूप में बहुचर्चित जनहित याचिका (पीआईएल) मामले को ऐतिहासिक माना जाता है ........**
(a) इसने 40,000 से अधिक अभियोगाधीन कैदियों की रिहाई का मार्ग प्रशस्त किया।
(b) सरकार ने माना कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा निर्धारित मानदण्डों पर अम्ल किया जाना ही चाहिए ताकि कैदियों के बुनियादी मानव अधिकारों की पवित्रता का सम्मान किया जा सके।
(c) अदालतों ने सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के औचित्य और जरूरत को स्वीकार किया है।
(d) इसमें सरकार को देश के पर्यावरण में सुधार लाने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया है।

**49. निम्नलिखित संकेतकों में से कौन-सा पूर्वानुमान नहीं बल्कि केवल लम्बी अवधि के रुझान की पुष्टि करता है**
(a) परिवेष्टन सूचक (b) संशोधित अनुमान सूचक
(c) संपाती सूचक (d) प्रमुख संकेतक

**50. 30 नवंबर, 2017 को, भारत के नौसेना प्रमुख कौन है?**
(a) देवेंद्र कुमार जोशी (b) सुनील लाम्बा
(c) दलबीर सिंह (d) रॉबिन कुमार

**51. निम्न में से कौन-सा वक्तव्य राज्यसभा के सदस्यों के है?**
(A) राज्यसभा के सदस्य को वही वेतन और अन्य लाभ है जो लोकसभा के सदस्य को मिलते हैं।
(B) राज्यसभा के सदस्य एकल हस्तांतरणीय मत पद्धति राज्य विधानसभाओं द्वारा चुने जाते हैं।
(a) (A) और (B) (b) केवल (B)
(c) केवल (A) (d) (A) और (B) दोनों नहीं

**52. ऐसा कोई भी सौदा, जिसमें सम्पत्ति एक व्यक्ति के नाम स्थानांतरित की जाती है और भुगतान किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो वह सौदा ......... कहलाता है।**
(a) हवाला (b) बेनामी लेन-देन
(c) काले धन को वैध बनाना (d) काला धन

**53. निम्नलिखित में से कौन-सी मद संघ सूची का एक हिस्सा है?**
(a) सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक बीमा
(b) जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन
(c) प्रकाश स्तम्भ
(d) आर्थिक और सामाजिक योजना

**54. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 415-420 का संबंध किस से है?**
(a) शरारत (b) आपराधिक विश्वासभंग
(c) धोखाधड़ी (d) जबरन वसूली

**55. संघ सरकार ने सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच प्रदान करने के लिए जून 2016 में क्या शुरू किया है?**
(a) साक्षी नारी योजना
(b) बेटी बचाओ अभियान
(c) बीजू कन्यारत्न योजना
(d) प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

**56. संविधान सभा का अन्तिम सत्र कब आयोजित किया गया था?**
(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 24 जनवरी, 1950
(c) 29 जनवरी, 1952 (d) 26 जनवरी, 1949

**57. ऐसा माना जाता है कि भूदान आन्दोलन तब शुरू हुआ जब विनोबा भावे भूमिहीन हरिजनों का पेश आ रही समस्याओं को सम्बोधित करने कौन-से राज्य के गाँव में पहुँचे थे?**
(a) महाराष्ट्र (b) गुजरात
(c) तेलंगाना (d) मध्यप्रदेश

**58. निम्न में से कौन-सा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के तहत भारत के संविधान में कहा गया है?**
(A) राज्य, शैक्षिक संस्थानों को सहायता देने में, किसी भी शिक्षण संस्थान के साथ इस आधार पर भेदभाव नहीं करेगा कि यह अल्पसंख्यक प्रबंधन के तहत है, चाहे वह धर्म पर आधारित हो गया भाषा पर।
(B) यदि कोई व्यक्ति भारत की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने में तथा उसकी रक्षा करने में विफल रहता है तो उसकी स्वतंत्रता के अधिकार को प्रतिबंधित किया जा सकता है।
(a) (A) और (B) दोनों सही
(b) (B) और (C)
(c) केवल (B)
(d) केवल (A)

**59. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वित्वास्य मामलों के बारे में दुरुस्त है?**
(a) इसका मतलब है कि बैंक नोटों का जारी करना सोने के द्वारा समर्थित नहीं है।
(b) इसका मतलब है कि बैंक नोटों और सिक्कों का जारी करना सरकारी प्रतिभूतियों द्वारा समर्थित नहीं है।
(c) इसका मतलब है कि बैंक नोट और सिक्के सरकारी प्रतिभूतियों और सोने द्वारा समर्थित है
(d) इनमें से कोई नहीं

**60. केन्द्र निम्नलिखित में से कौन-सा कर लगाता, एकत्रित और प्रतिधारित करता है?**
(a) औषधीय निर्माणों पर उत्पाद शुल्क
(b) आयरकर पर अधिभार
(c) रेलवे
(d) मुद्रा शुल्क

**61. फ्लेमिंगो शहर कहाँ स्थित है?**
(a) कच्छ-रण (b) लद्दाख
(c) सुंदरवन (d) नैनीताल

Downloaded From : www.sforstudy.in

 Downloaded From : www.sforstudy.in

62. किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि "जो लोग अनायास ही राज्य की हिरासत में हैं, उनके प्रति सरकार का विशेष दायित्व है। यह सुनिश्चित करना पुलिस या जेल अधिकारियों की एक बड़ी जिम्मेदारी है कि उनकी हिरासत में किसी नागरिक को उसके जीवन के अधिकार से वंचित न किया जाएये।
(a) के० एम० नानावटी बनाम महाराष्ट्र सरकार
(b) गोलकनाथ बनाम पंजाब सरकार
(c) नीलाबती बेहेरा बनाम उड़ीसा सरकार
(d) चम्पकम दोरैराजन बनाम मद्रास सरकार

63. उप राष्ट्रपति अधिकतम कितनी अवधि तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर सकते हैं?
(a) 3 महीने (b) 6 महीने
(c) 12 महीने (d) 1 महीने

64. भारत में 2014 में शुरू हुआ ........, लोगों को हवा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देने का एक प्रभावी प्रचार-प्रसार साधन है।
(a) वायु गुणवत्ता प्रबंधन तंत्र
(b) राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक
(c) राष्ट्रीय परिवेश वायु गुणवत्ता मानक
(d) वायु प्रदूषण प्रबंधन और मॉडलिंग

65. आयकर अधिनियम के तहत एक अत्यधिक वरिष्ठ नागरिक के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए, किसी व्यक्ति की आयु ........ वर्ष से ऊपर होनी चाहिए।
(a) 70 (b) 75 (c) 80 (d) 85

66. बैलाडिला, छत्तीसगढ़ में एक जगह ........ के समृद्ध भण्डार के लिए जाना जाता है?
(a) मैंगनीज (b) कोयला (c) हेमाटाइट (d) ताँबा

67. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के संविधान के बारे में सही है?
(A) यह दुनिया में किसी भी सम्प्रभु देश का सबसे लम्बा लिखित संविधान है।
(B) संसद संविधान को निरस्त कर सकती है।
(C) यह संसदीय सर्वोच्चता प्रदान करता है, संवैधानिक सर्वोच्चता नहीं।
(a) केवल (A) (b) (B) और (C)
(c) (A) और (C) (d) (A) और (B)

68. निम्न में से किसमें विटामिन ई- भरपूर मात्रा में पाया जाता है?
(a) सेब (b) अमरूद (c) अंगूर (d) एवोकाडो

69. निम्नलिखित में से राष्ट्रपति की कौन-सी न्यायिक शक्ति उसकी परिभाषा से मेल नहीं खाती?
(a) रूपांतरण : पूर्ण क्षमादान
(b) दण्डविराम : कम सजा देना
(c) दण्डनिलंबन : सजा को अस्थायी तौर पर टालना
(d) दण्ड घटाना : सजा कम करना

70. किस वर्ष में नगर निगम के प्रावधानों से युक्त 12वीं अनुसूची को संविधान में जोड़ा गया था?
(a) 1989 (b) 1951 (c) 1985 (d) 1992

71. एक हैकर जिसके इरादे आपराधिक या दुर्भावनापूर्ण नहीं है, उसे ......... कहा जाता है।
(a) बैक डोर प्रोग्रामर (b) फ्रीकर
(c) व्हाइट हैट (d) फ्रैकर

72. 100,000 से ज्यादा की जनसंख्या, लेकिन 1,000,000 से कम जनसंख्या के शहर का प्रशासन करने वाली शहरी स्थानीय निकाय कौन-सी है?
(a) ग्राम पंचायत (b) नगर पालिका
(c) महानगरपालिका (d) नगर पंचायत

73. निम्न में से कौन-सी शॉर्टकट की, विंडोज टास्क मैनेजर खोलने के लिए इस्तेमाल किया जाता है?
(a) CTRL + ALT + Delete
(b) ALT + Enter
(c) CTRL + Shift + Esc
(d) CTRL + Shift + tab

74. भारत की आजादी के बाद सिविल सेवा के पहले प्रमुख कौन थे?
(a) सिकंदर बख्त (b) गोविंद नारायण
(c) एन आर पिल्ले (d) वी आर कृष्णा अय्यर

75. वर्ष 2016 में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चार देशों को अधिक मतदान के अधिकार दिए हैं, जो उसकी शासन अवसंरचना को प्रभावित करते हैं। निम्न में से कौन-सा देश उनमें से एक नहीं है?
(a) श्रीलंका (b) चीन (c) भारत (d) ब्राजील

76. भारत ने "सौर पार्क परियोजना (एसआईएसपीपी) के लिए साझा अवसंरचना" के लिए विश्व बैंक के साथ कितनी राशि के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?
(a) 400 मिलियन डॉलर (b) 100 मिलियन डॉलर
(c) 150 मिलियन डॉलर (d) 200 मिलियन डॉलर

77. निम्नलिखित अधिनियमों को सबसे पहले पारित होने से लेकर सबसे बाद में पारित होने वाले कालक्रम के अनुसार लगाइये।
(A) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम
(B) सूचनाधिकार अधिनियम
(C) दहेज प्रतिषेध अधिनियम
(D) बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम
(a) CADB (b) ACBD
(c) CABD (d) ACDB

78. निदेशक सिद्धान्तों में परिवर्तन के लिए एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होती है जिसे निम्न के द्वारा पारित किया जाना आवश्यक होता है
(A) संसद के दोनों सदन
(B) संसद में उपस्थित दो-तिहाई सदस्यों का अनुमोदन और मतदान
(a) केवल (B)
(b) (A) और (B) दोनों
(c) (A) और (B) दोनों नहीं
(d) केवल (A)

79. दृष्टिवैषम्य को किस लेंस के प्रयोग से दूर किया जाता है?
(a) उभयावतल लेंस (b) बेलनाकार लेंस
(c) उत्तर लेंस (d) अवतल लेंस

80. यदि किसी नागरिक के, सूचनाधिकार अधिनियम के तहत अपील और दूसरी अपील के उपाय समाप्त हो गये हैं, तो वह संविधान के अनुच्छेद ....... के अधीन उच्चतम न्यायालय में जा सकता है।
(a) अनुच्छेद 224 (b) अनुच्छेद 32
(c) अनुच्छेद 74 (d) अनुच्छेद 236

Downloaded From : www.sforstudy.in

Downloaded From : www.sforstudy.in



# भाग 3 संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

81. दो अंर्तयान पाइप $A$ और $B$ एक टंकी को क्रमशः 10 घण्टों और 15 घण्टों में भरते हैं। अगर वे दोनों एक साथ काम करते हैं, तो कितने समय में टंकी भी जायेगी?
(a) 6 घण्टे (b) 12.5 घण्टे
(c) 6.5 घण्टे (d) 5 घण्टे

82. 'article' शब्द के अक्षरों को हर संभव तरीके से क्रमबद्ध किया गया है। स्वरों के सम स्थानों पर आने की सम्भावना ज्ञात करें।
(a) 1/35 (b) 2/35
(c) 3/36 (d) 2/34

83. राम और बाला क्रमशः 4.5 और 5 किमी प्रति घण्टा की गति से स्थान $x$ से चलना शुरू करते हैं। अगर वे एक ही दिशा में चलते हैं तो 7 घण्टों बाद उनके बीच की दूरी क्या होगी?
(a) 3.5 किमी (b) 35 किमी
(c) 6.35 किमी (d) 63.5 किमी

84. एक अपार्टमेन्ट को 2013 में ₹ 10 लाख में खरीदा गया और ₹ 12000 मासिक किराए पर उसे दो वर्ष के लिए किराए पर दे दिया गया। दो वर्ष बाद, लागत मूल्य पर 30% लाभ सुनिश्चित करने के लिए अपार्टमेन्ट को किस मूल्य पर बेचा जाना चाहिए?
(a) ₹ 980000 (b) ₹ 1012000
(c) ₹ 1000800 (d) ₹ 1040000

85. 8 पुरुषों और 7 महिलाओं के एक समूह में से, कितने प्रकार से 6 पुरुषों और 4 महिलाओं का चयन किया जा सकता है?
(a) 740 (b) 840
(c) 754 (d) 980

86. एक जिले में, कुल नागरिकों के 10% को अपराध की सजा मिली है परन्तु, कुल अपराधियों में से 20% अपराध करने के बाद भी बच जाते हैं। नागरिकों की कुल संख्या के कितने प्रतिशत अपराधी हैं?
(a) 12.5% (b) 20
(c) 22.50% (d) 25%

87. एक 500 मिली घोल में नारियल पानी और तरबूज के रस का अनुपात 3 : 2 है। तरबूज के रस की कुछ मात्रा घोल में मिलाई जाती है और अनुपात 1 : 1 हो जाता है। डाले गये तरबूज के रस की मात्रा ज्ञात करें।
(a) 200 मिली (b) 250 मिली
(c) 150 मिली (d) 100 मिली

88. राजू $x$ दूरी $y$ गति से तय करता है। अगर वह 5 किमी/घण्टा और तेज चलता है, तो उसे 30 मिनट कम लगते। अगर वह 3 किमी/घण्टा धीरे चलता तो उसे 30 मिनट अधिक लगते। किमी में दूरी ज्ञात करें।
(a) 24 किमी (b) 30 किमी
(c) 36 किमी (d) 15 किमी

89. अगर 9 जून 2011 को सोमवार है, तो 7 दिसम्बर 2011 को कौन-सा दिन होगा?
(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) रविवार (d) बुधवार

90. इन्द्रन अपनी वस्तुएँ बेच कर 10% लाभ कमाता है। उसके लागत मूल्य में 40% की वृद्धि होती है और वह अपना बिक्री-मूल्य 40% बढ़ा देता है। लाभ का नया प्रतिशत क्या होगा?
(a) 6% (b) 7.14% (c) 10% (d) 2.85%


91. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक या गुणनफल 56133 है। अगर इनमें से एक संख्या का 1/7, 27 है, तो दूसरी संख्या का 1/3 ज्ञात करें।
(a) 99 (b) 189 (c) 154 (d) 297

92. एक दुकानदार द्वारा एक वस्तु ₹ 270 में बेचे जाने पर उसे 35% का लाभ होता है, तो वस्तु का लागत मूल्य क्या है?
(a) ₹ 200 (b) ₹ 300
(c) ₹ 240 (d) ₹ 250

93. अगर चार एक सामान छोटे सिलिंडरों को उनकी ही ऊँचाई का एक सिलिण्डर तैयार करने के लिए पिघलाया जाता है, तो नए सिलिण्डर का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल, छोटे सिलिण्डर के पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल से कितना अधिक होगा?
(a) 50% (b) 100%
(c) 25% (d) 75%

94. $\frac{42}{3} \div \left\{\frac{12}{3} - \frac{1}{2}\left(2\frac{1}{2} - \frac{1}{3} - \frac{1}{6}\right)\right\}$ का मूल्यांकन करें
(a) 14 (b) 1
(c) 7 (d) 9

95. दिए गए चित्र में $x$ का मान ज्ञात करें जिसमें $O$ वृत्त का केन्द्र है।




(a) 100° (b) 130° (c) 110° (d) 120°

96. पुरुषों और महिलाओं के एक संयुक्त समूह की औसत उम्र 25 वर्ष है। अगर पुरुषों के समूह की औसत उम्र 26 वर्ष है और महिलाओं के समूह के औसत उम्र 21 वर्ष है, तो संयुक्त समूह में पुरुषों का प्रतिशत ज्ञात करें।
(a) 20% (b) 40% (c) 80% (d) 60%

97. 5% के साधारण ब्याज पर 4 वर्षों के लिए कर्ज दी गयी कितनी राशि 6% साधारण ब्याज पर 4 वर्षों के लिए दिए गए ₹ 500 कर्ज के बराबर राशि देगी?
(a) ₹ 600 (b) ₹ 570 (c) ₹ 650 (d) ₹ 550

98. 16.666... X 1.6666... का मान ज्ञात करें
(a) 17.777... (b) 27.777...
(c) 29.88... (d) 18.8222...

99. $\frac{(223456 \times 223456) - (132456 \times 132456)}{91000}$ का मान ज्ञात करें।
(a) 1 (b) 355486 (c) 223456 (d) 355912

Downloaded From : www.sforstudy.in

 Downloaded From : www.sforstudy.in

100. एक ट्रेन एक पुल को 40 सेकण्ड में पार करती है और एक खम्बे को 25 सेकण्ड में। अगर ट्रेन की गति 72 किमी प्रति घण्टा है, तो पुल की लम्बाई कितनी होगी?
(a) 300 मी (b) 350 मी
(c) 200 मी (d) 400 मी

101. दो संख्याओं के बीच का अन्तर बड़ी संख्या का 60% है। अगर छोटी संख्या 10 है, तो बड़ी संख्या ज्ञात करें।
(a) 15 (b) 28 (c) 25 (d) 20

102. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सह-अभाज्य है?
(a) (156, 126) (b) (23, 92)
(c) (24, 351) (d) (18, 35)

103. ₹ 6 प्रति किलो लागत वाली कितनी चीनी ₹ 4.40 प्रति किलो लागत वाली 86 किलो चीनी में मिलाई जाएगी कि, मिश्रण को ₹ 6 प्रति किलो बेच कर 20% लाभ कमाया जा सकता है?
(a) 50 किलो (b) 56 किलो
(c) 51.6 किलो (d) 55 किलो

104. 3.2656565... $x$ 11.2565656 .... का मान ज्ञात करें।
(a) 36.76 (b) 35.65
(c) 38.93 (d) 36.21

105. निम्नलिखित में से किस वर्ष का कैलेण्डर वही होगा जो 2056 का होगा?
(a) 2084 (b) 2086
(c) 2085 (d) 2087

106. ट्रेन $A$, ट्रेन $B$ से जो विपरीत दिशा में जा रही है, से 54 सेकण्ड में आगे निकल जाती है जिसकी लम्बाई $A$ से दुगनी है और ट्रेन $A$ से आधी गति पर चल रही है। ट्रेन $A$ विपरीत दिशा में जाने वाली एक दूसरी ट्रेन $C$ को 20 सेकण्ड में पार करती है, जिसकी गति ट्रेन $A$ से दुगनी है। अगर ट्रेन $A$ की गति 60 किमी प्रति घण्टा है, तो ट्रेन $C$ की लम्बाई क्या है?
(a) 650 मी (b) 550 मी
(c) 250 मी (d) 450 मी

107. एक बैग में ₹ 216 क्रमशः 2 : 3 : 4 के अनुपात में ₹ 1, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्के हैं। 25 पैसे के सिक्कों की संख्या कितनी होगी?
(a) 384 (b) 160
(c) 192 (d) 120

108. कक्षा $A$ के छात्रों द्वारा प्राप्त औसत अंक 79 हैं, जबकि कक्षा $B$ के छात्रों द्वारा प्राप्त औसत अंक 89 हैं। अगर कक्षा $A$ में 38 छात्र हैं और कक्षा $B$ में 42 छात्र हैं, तो सभी 80 छात्रों के औसत अंक ज्ञात करें।
(a) 84.25 (b) 84.45
(c) 84.15 (d) 83.95


109. $B$ की कार्यक्षमता $A$ से दोगुनी है। $A$ किसी काम को 15 दिनों में कर सकता है। $A$ द्वारा काम शुरू करने के कुछ दिनों बाद उसमें $B$ शामिल हो जाता है। उन्होंने उस काम को आरम्भ से 11 दिनों में पूरा कर लिया। उन्होंने एक साथ कितने दिनों तक काम किया?
(a) 6 दिन (b) 1 दिन
(c) 5 दिन (d) 2 दिन

110. अगर $y$ का $\frac{8}{5}$% $x$ है, तो $x$ का कितना प्रतिशत $y$ है?
(a) 6250% (b) 16%
(c) 62.5% (d) 1600%

**निर्देश** (प्र. सं. 111-113) निम्नलिखित चित्र को देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

नीचे दिया गया चार्ट होटल में पाँच विभिन्न खाद्य पदार्थों पर एक सर्वेक्षण के परिणामों को दर्शाता है।

विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए प्राथमिकता




111. सैंडविच पसन्द करने वाले और हॉटडॉग पसन्द करने वाले लोगों का अनुपात ज्ञात करें।
(a) 117 : 23 (b) 27 : 59 (c) 54 : 23 (d) 139 : 63

112. बर्गर पसन्द करने वाले पुरुषों की तुलना में बर्गर पसन्द करने वाली महिलाओं का प्रतिशत कितना कम है?
(a) 75% (b) 25% (c) 100% (d) 50%

113. सर्वेक्षण में भाग लेने वाले पुरुषों की औसत संख्या और महिलाओं की औसत संख्या के बीच का अन्तर ज्ञात करें?
(a) 640 (b) 430 (c) 580 (d) 670

114. 20 पुस्तकों का औसत मूल्य ₹ 14 है, जबकि इनमें से 18 पुस्तकों का औस्त मूल्य ₹ 13 है। बची हुई दो पुस्तकों में से, अगर एक पुस्तक का मूल्य दूसरी का 21.05% है, तो इन दोनों पुस्तकों में हर एक मूल्य क्या होगा?
(a) ₹ 36, ₹ 10 (b) ₹ 38, ₹ 8
(c) ₹ 40, ₹ 6 (d) ₹ 25, ₹ 21

115. चक्रवृद्धि ब्याज पर दी गयी धनराशि 2 वर्षों में ₹ 5000 और 3 वर्षों में ₹ 5500 हो जाती है। धनराशि और ब्याज दर ज्ञात करें?
(a) ₹ 4132.50, 10.5% (b) ₹ 4123.25, 12%
(c) ₹ 4132, 11% (d) ₹ 4132.23, 10%

116. 100 को दो भागों '$A$' और '$B$' में विभाजित किया गया है। अगर '$A$' और '$B$' का व्युत्क्रम योग 1/24 है, तो बड़ी संख्या कौन-सी है?
(a) 35 (b) 60 (c) 45 (d) 65

117. पहाड़ी क्षेत्र में दो शहरों के बीच बस का किराया रुपयों में उनके बीच की दूरी के वर्ग का पाँच गुना है। सीधे रास्ते से शहर $A$ से शहर $B$ की दूरी 8 किमी है। शहर $B$ से शहर $A$ तक, $C$ और $D$ शहर से होते हुए भी पहुँचा जा सकता है, जहाँ शहर $A$ और शहर $C$ की दूरी 3 किमी है, शहर $C$ से शहर $D$ की दूरी 3 किमी है और शहर $D$ से शहर $B$ की दूरी 4 किमी है। दोनों रास्तों पर होने वाले खर्च का अन्तर क्या है?
(a) ₹ 300 (b) ₹ 250 (c) ₹ 200 (d) ₹ 180

Downloaded From : www.sforstudy.in

Downloaded From : www.sforstudy.in



**118.** $56^{283} \times 141^{283} \times 125^{254}$ के अन्तिम दो अंक क्या है?

(a) 25 (b) 10 (c) 01 (d) 00

**119.** एक अंतराल के दौरान, 130 छात्र केक और कोक खरीदने कैंटीन गए हैं। 80 छात्रों ने केक खरीदा और 57 छात्रों ने कोक खरीदी। अगर हर छात्र ने कम से कम एक चीज खरीदी है, तो उन छात्रों की संख्या ज्ञात करें जिन्होंने दोनों चीजें खरीदीं हैं?

(a) 7 (b) 15 (c) 17 (d) 12

**120.** 8 पुरुषों और 6 लड़कों द्वारा एक दिन में किया गया काम 6 पुरुषों और 10 लड़कों के द्वारा किए गए काम के बराबर है। अगर सभी को उनकी कार्यक्षमता के अनुसार भुगतान किया जाता है, तो एक पुरुष और एक लड़के की प्रतिदिन मजदूरी का सम्बन्धित अनुपात क्या होगा?

(a) 2 : 1 (b) 2 : 3
(c) 3 : 2 (d) 1 : 2

## भाग 4 मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**121.** दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें जिसे पहली जोड़ी के सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सके।


Pneumonia : Lungs : : Astigmatism : ?

(a) Ear (b) Eyes (c) Nerves (d) Brain

**122.** चार लड़कियाँ और चार लड़के केन्द्र की ओर मुँह करके एक वर्गाकार टेबल के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से चार लोग कोनों पर बैठे हैं और शेष लोग वर्गाकार टेबल के भुजाओं के मध्य-बिन्दु पर बैठे हैं। सुमा, रेखा के दाईं ओर नहीं बैठी है लेकिन रानी के सामने बैठी है। रेखा विकर्णित रूप से निशा के सामने बैठी है, जो रीना की दाईं ओर बैठी है। अजय रीना के बराबर बगल में बैठा है और अभिनव के सामने है जो अरुण के बाएँ बैठा है। सुमा के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

(a) निशा (b) अजय
(c) रेखा (d) रीना

**123.** उस विकल्प को चुनें जो दिए गए दूसरे विकल्पों से भिन्न है।




(a) (b) (c) (d)

**124.** मुगिल, नयंक, भुवन, शामिली और रागुल का संबंध एक ही परिवार से है। मुगिल के पुत्र नयंक के पिता और रागुल के दादा हैं। शामिली नयंक की पुत्री और भुवन की बहन है। इस जानकारी के आधार पर, मुगिल, जो एक पुरुष है, उसका भुवन से क्या सम्बन्ध होगा?

(a) दादा/नाना के चाचा (b) दादा/नाना के पिता
(c) दादा/नाना (d) माता के नाना

**125.** एक डिजाइन को एक पारदर्शी कागज पर बनाया गया है। प्रश्न-चिह्न में दिखाई गई विधि के अनुसार, कागज को बिन्दु रेखा से जोड़े जाने पर बनने वाली आकृति का सही विकल्प चित्र चुनें



(a) (b) (c) (d)


**126.** निम्नलिखित प्रश्न में, दो निष्कर्षों I, II से पहले तीन कथन दिए गए हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कि कौन-सा निष्कर्ष कथनों का अनुसरण करता है।

**कथन :** सभी विश्वविद्यालय केन्द्रीय हैं।
कुछ विश्वविद्यालय मान्यता प्राप्त हैं।
कुछ राज्य मान्यता प्राप्त हैं

**निष्कर्ष :** I. कोई विश्वविद्यालय मान्यता प्राप्त नहीं है।
II. कुछ मान्यता प्राप्त, विश्वविद्यालय हैं।

(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(c) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।
(d) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।

**127.** एक डिजाइन को एक पारदर्शी कागज पर बनाया गया है। प्रश्न-चिन्ह में दिखाई गई विधि के अनुसार, कागज को बिन्दु रेखा से मोड़े जाने पर बनने वाली आकृति का सही विकल्प चित्र चुनें



(a) (b) (c) (d)

**128.** नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन I और II शामिल हैं। आपको तय करना है कि क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य नीचे दिए गए प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथन पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

**प्रश्न :** E के सन्दर्भ में A किस दिशा में है?


I. C, E से उत्तर पश्चिम में है। D, C से पूर्व में है। A, C से दक्षिण-पश्चिम में है।


II. B, E से पश्चिम में है। A, C से दक्षिण-पश्चिम में है। D, B से उत्तर-पूर्व में है। A, B से पश्चिम में है।

(a) केवल कथन I के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
(b) केवल I और II के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(c) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(d) केवल कथन II के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं।

Downloaded From : www.sforstudy.in

**129. दिए गए चित्र में डिजाइन का एक भाग नहीं है, दिए गए विकल्पों में से उस भाग को तालाश करें।**





(a) (b) (c) (d)

**130. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क मजबूत है।**

**कथन :** ब्रिटिश पेट्रोलियम (पेट्रोलियम उद्योग कम्पनी) को सरकार द्वारा भारत में पेट्रोल पम्प लगाने की अनुमति दे दी जानी चाहिए।

**तर्क :**

I. हाँ, इससे भारतीयों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

II. नहीं, इससे अन्य निजी पेट्रोलियम कम्पनियों को नुकसान होगा।

(a) केवल तर्क I मजबूत है।

(b) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं।

(c) केवल तर्क II मजबूत है।

(d) तर्क I और II दोनों ही मजबूत नहीं हैं।

**131. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित में से कौन-से तर्क मजबूत हैं?**

**कथन :** भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेल जारी रखना चाहिए।

I. हाँ, यह भारतीय और पाकिस्तानी, दोनों दर्शकों को आकर्षित करता है।

II. नहीं, यह भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद पैदा करता है।

(a) केवल तर्क II मजबूत है

(b) तर्क I और II दोनों ही मजबूत नहीं हैं

(c) केवल तर्क I मजबूत है

(d) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं

**132. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन I और II शामिल हैं। आपको तय करना है कि क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य नीचे दिए गए प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथन पढ़ें और सही विकल्प चुनें।**

**प्रश्न :** G के सन्दर्भ में A की स्थिति क्या है?

I. एक व्यक्ति बिन्दु A से चलना आरम्भ करता है और पूर्व की ओर 12 मीटर चलता है, फिर वह दाएँ मुड़ता है और 8 मी चलकर फिर दाएँ मुड़ जाता है और फिर 8 मी चलकर बिन्दु G पर रुकता है।

II. A, बिन्दु B के पूर्व में है। B बिन्दु C के उत्तर में है। C बिन्दु G के पश्चिम में है।

(a) केवल कथन I के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

(b) केवल कथन II के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

(c) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

(d) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

**133. उस विकल्प को चुनें जो दिए गए दूसरे विकल्पों से भिन्न है।**

(a) भारत (b) जापान

(c) श्रीलंका (d) मॉरिशस

**134. उस विकल्प को चुनें जो दिए गए दूसरे विकल्पों से भिन्न है।**

(a) नियान (b) हीलियम

(c) आर्गन (d) हाइड्रोजन

**135. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह के स्थान पर क्या आएगा?**

**960, 1080, 1200, 1320, ?**

(a) 1430 (b) 1450

(c) 1460 (d) 1440

**136. निम्नलिखित प्रश्न में, दो निष्कर्षों I, II से पहले तीन कथन दिए गए हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कि कौन-सा निष्कर्ष कथनों का अनुसरण करता है।**

**कथन :** कुछ संख्याएँ अभाज्य हैं।
कुछ संख्याएँ सह-अभाज्य हैं।
कोई सह-अभाज्य संयुक्त नहीं है।

**निष्कर्ष :** I. कुछ अभाज्य संयुक्त नहीं हैं।
II. कुछ संयुक्त अभाज्य हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(b) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं

(c) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं

(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**137. दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प ज्ञात करें जो दूसरों से भिन्न है।**

(a) 2058 (b) 72

(c) 1260 (d) 600


**138. एक विशेष कूट भाषा में, "MARKWEED ओ 'DEHZNUAM' के रूप में कोडित किया जाता है। तो उसी कूट भाषा में 'GOLDMAZE' को कैसे कोडित किया जाएगा?**

(a) EZDRGOOG (b) EZDPGOOD

(c) EXDPGOOG (d) EZDPGOOG

**139. निम्नलिखित कौन-सा चित्र इन शब्दों के संबंध को दर्शाता है।**

**स्तनपायी, शाकाहारी, बाघ**



(a) (b) (c) (d)

**140. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं, आप कथन की हर बात को सत्य मानते हुए दोनों पूर्वानुमानों को एक साथ समझें और तय करें कि इनमें से कौन-से कथन में अन्तर्निहित हैं।**

**कथन :** एक सिनेमा हॉल ने सप्ताहांत के दौरान अपने दर्शकों को व्यस्त रखने के लिए कुछ विडियो गेम रखे हैं।

Downloaded From : www.sforstudy.in



**पूर्वानुमान :**

I. लोगों को वीडियो गेम खेलना पसन्द है।
II. लोग थिएटर में चलने वाली फिल्म को पसन्द करेंगे।
(a) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित नहीं हैं
(b) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है
(c) पूर्वानुमान I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं
(d) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है

**निर्देश** (प्र. सं. 141-143) : निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।

ब्लास्टर्स स्पोर्ट्स क्लब राज्य-स्तरीय वॉलीबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों की चयनप्रक्रिया का आयोजन कर रहा है। खिलाड़ी को निम्नलिखित मानदण्डों पर पूरा उतरना आवश्यक है—

A. खिलाड़ी की उम्र 20 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
B. खिलाड़ी की ऊँचाई 170 सेमी से अधिक होनी चाहिए।
C. खिलाड़ी का वजन 85 किलो से कम होना चाहिए।
D. खिलाड़ी ने जिला-स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया हो।

अगर उम्मीदवार उपर्युक्त मानदण्डों को पूरा करता है सिवाय—

1. उपर्युक्त (B) के, लेकिन उसकी ऊँचाई 160 सेमी से ऊपर है और उसने राष्ट्रीय-स्तर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया है, तो मामला क्लब के सचिव को भेजा जा सकता है।
2. उपर्युक्त (D) के, लेकिन उसे स्कूल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिला है, तो मामला क्लब के खेल प्रभारी को भेजा जा सकता है।

**141. इस मामले में लिया जाने वाला निर्णय क्या होगा? ध्रुव, जो राष्ट्रीय स्तर का 22 वर्षीय वॉलीबॉल खिलाड़ी है, उसे तीन जिला-स्तरीय स्वर्ण पदक मिले हैं। उसकी ऊँचाई और वजन क्रमशः 167 सेमी और 83 किग्रा है।**
(a) खिलाड़ी का चयन नहीं किया जाएगा
(b) मामला क्लब के खेल प्रभारी को भेजा जाएगा
(c) खिलाड़ी का चयन किया जाएगा
(d) मामला क्लब के सचिव को भेजा जाएगा

**142. इस मामले में लिया जाने वाला निर्णय क्या होगा? इरफान खान, 24 वर्षीय जिला-स्तरीय स्वर्ण पदक विजेता है, जो चयन परीक्षा में शामिल हुआ है। उसका वजन 80 किग्रा है और उसकी ऊँचाई 180 सेमी है।**
(a) मामला क्लब के सचिव को भेजा जाएगा
(b) खिलाड़ी का चयन नहीं किया जाएगा
(c) मामला क्लब के खेल प्रभारी को भेजा जाएगा
(d) खिलाड़ी का चयन किया जाएगा

**143. इस मामले में लिया जाने वाला निर्णय क्या होगा? अब्राहम, एम 21 वर्षीय वॉलीबॉल खिलाड़ी है, जिसका वजन 87 किग्रा है और ऊँचाई 175 सेमी है। उसने किसी भी जिला-स्तरीय मैच में भाग नहीं लिया है लेकिन उसने स्कूल-स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किया है।**
(a) मामला क्लब के सचिव को भेजा जाएगा
(b) खिलाड़ी का चयन किया जाएगा
(c) खिलाड़ी का चयन नहीं किया जाएगा
(d) मामला क्लब के खेल प्रभारी को भेजा जाएगा

**144. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आप कथन की हर बात को सत्य मानते हुए दोनों पूर्वानुमानों को समझें और तय करें कि इनमें से कौन-सा कथन में अन्तर्निहित हैं।**

**कथन :** "स्वस्थ जीवन के लिए, हमारे तेल का प्रयोग करें" एक टीवी विज्ञापन।

**पूर्वानुमान :**

I. दूसरे सभी तेल उत्पादों का परिणाम अस्वास्थ्यकर जीवन है।
II. हर आदमी एक स्वस्थ जीवन चाहता है।
(a) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।
(b) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित नहीं हैं।
(c) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।
(d) पूर्वानुमान I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**145. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष अक्षरों का चयन करें, जिसे पहली जोड़ी के संबंध का अनुसरण करते हुए प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर रखा जा सके।**

**BF : JN : DH : ?**

(a) MW (b) MV
(c) LO (d) LP

**146. एक व्यक्ति किसी चिड़ियाघर में गया। उसने अपने चारों ओर पिंजरे में चार जानवरों को देखा। उसके सामने एक बन्दर है। उस व्यक्ति के पीछे बाघ है। शेर और हाथी क्रमशः उसके बाईं और दाईं ओर हैं। अगर व्यक्ति का मुँह सूर्योदय की दिशा में है, तो बाघ के सन्दर्भ में शेर किस दिशा में हैं?**
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**147. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन I और II शामिल हैं। आपको तय करना है, कि क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य नीचे दिए गए प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथन पढ़ें और सही विकल्प चुनें।**

**प्रश्न :** छः लोग S, T, U, V, W और X एक वृत्ताकार टेबल के चारों तरफ बैठे हैं और उनका मुँह आन्तरिक दिशा में है। T, के सन्दर्भ में W की स्थिति क्या है।

I. T, X के दाईं ओर बिल्कुल बगल में है जो V के बगल में है।
II. U और W दोनों ही V के बिल्कुल बगल में नहीं है।
(a) केवल कथन I के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
(b) केवल I और II के तथ्य मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(c) केवल कथन II के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
(d) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**148. राज एक वर्गाकार क्षेत्र के मध्य में खड़ा है। वह उत्तर-पूर्व को तिरछा चलना शुरू करता है। उसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और क्षेत्र के अन्तिम छोर पर पहुँच जाता है। उसके बाद वह दाएँ मुड़कर चलना शुरू कर देता है। मध्य रास्ते में वह फिर दाएँ मुड़कर चलना शुरू कर देता है। आधे रास्ते में, वह अपने बाईं ओर मुड़ता है और नए छोर पर पहुँच जाता है। इस समय राज किस दिशा में है?**
(a) दक्षिण
(b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम
(d) उत्तर

Downloaded From : www.sforstudy.in

Downloaded From : www.sforstudy.in

**149.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिन्ह के स्थान पर क्या आएगा?
**1, 42, 85, 132, ? 246**
(a) 191 (b) 185 (c) 187 (d) 189

**निर्देश** (प्र. सं. 150-152) : निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें–


निम्नलिखित, इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक चित्रण है।
**इनपुट :** Lavani 72 Jazz 32 Bihu 51 Dandiya 43 Folk 21 Melody 35
**चरण I :** Melody Lavani 72 Jazz 32 Bihu 51 Dandiya 43 Folk 35 21
**चरण II :** Lavani Melody 72 Jazz Bihu 51 Dandiya 43 Folk 35 21 32
**चरण III :** Jazz Lavani Melody 72 Bihu 51 Dandiya 43 Folk 21 32 35
**चरण IV :** Folk Jazz Lavani Melody 72 Bihu 51 Dandiya 21 32 35 43
**चरण V :** Dandiya Folk Jazz Lavani Melody 72 Bihu 21 32 35 43 51
**चरण VI :** Bihu Dandiya Folk Jazz Lavani Melody 21 32 35 43 51 72 और चरण VI ऊपर दिए गए इनपुट के पुनर्विन्यास का अन्तिम चरण है।

**150.** ऊपर के चरणों में लागू किए गए नियमों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा नीचे दिए गए चरण IV का इनपुट होगा?
चरण IV : "Pink Red White Yellow 99 Blue 81 Orange 42 57 63 75"
(a) तय नहीं किया जा सकता
(b) White 99 57 Red Blue 81 Pink Orange 42 75 Yllow 63
(c) White 99 Red 57 81 Blue Orange Pink 75 42 Yellow 63
(d) White 99 Red 57 Blue 81 Orange 75 Pink 42 Yellow 63

**151.** ऊपर के चरणों में लागू किए गए नियमों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन नीचे दिए गए इनपुट के चरण IV में दायें छोर से नौवें स्थान की दाईं ओर पाँचवें स्थान पर होगा?
**इनपुट :** Janmashtami 95 Holi 36 Chathurth 80 Diwali 68 Dushere 12 Navratri 54
(a) 36 (b) 12 (c) 80 (d) 54

**152.** नीचे दिए गए इनपुट के अन्तिम चरण में, निम्नलिखित चार में से तीन विकल्प एक प्रकार से एक जैसे हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। कौन एक उस समूह का हिस्सा नहीं है?
**इनपुट :** Janmashtami 95 Holi 36 Chathurth 80 Diwali 68 Dushera 12 Navratri 54
(a) Janmashtami 80 (b) Chathurth 36
(c) Dushere 54 (d) Navratri 95

**153.** निम्नलिखित कौन-सा चित्र इन शब्दों के सम्बन्ध को दर्शाता है
कवि, राजनेता, अभियंता



(a) (b) (c) (d)

**154.** शब्दकोश में उनके क्रम के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को क्रमबद्ध करें।
(1) Search (2) Season
(3) Seatbelt (4) Seashore
(5) Seamless
(a) 51423 (b) 51243
(c) 52143 (d) 52413

**155.** दिए गए विकल्पों में से असंगत को ज्ञात करें।
(a) 83 (b) 34
(c) 47 (d) 62

**156.** एक विशेष कूट भाषा में 'BEGIN' को 'YLJHK' के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'ZONAL' को कैसे कोडित किया जाएगा?
(a) WDQRL (b) WDQRI
(c) WDRQI (d) WDQRJ

**157.** एक कार बनाने वाली कम्पनी में इंजन संयोजन विभाग, पेंटिंग विभाग के उत्तर दिशा में है। जाँच विभाग उत्पादन विभाग के पूर्व में परन्तु पेंटिंग विभाग के पश्चिम में है। पेंटिंग, उत्पादन और जाँच विभाग एक ही पंक्ति में हैं। इंजन संयोजन विभाग के सन्दर्भ में, जाँच विभाग किस दिशा में स्थित है?
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर-पश्चिम

**158.** रॉबिन, विबिन का पुत्र है। राशेल, रॉबिन की बेटी है। युवा राशेल, की माँ है। डोनाल्ड, राशेल का भाई है। डोनाल्ड का विबिन से क्या सम्बन्ध है?
(a) पुत्र (b) पोता
(c) पिता (d) भाई

**159.** पाँच लोग एक यात्रा पर जा रहे हैं, उनके नाम जोएल, प्रीति, वेंकी, शान और रुपेश हैं। सभी का संबंध एक ही परिवार से है। जोएल प्रीति की माँ है, जो रुपेश की पत्नी है। शान जोएल का भाई है। वेंकी जोएल का पति है। प्रति का शान से क्या संबंध है?
(a) भाभी
(b) बेटी
(c) भाँजी
(d) इनमें से कोई नहीं

**160.** एक विशेष कूट भाषा में, 'CLAIM' को 'LCBMI' के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'CABLE' को कैसे कोडित किया जाएगा?
(a) ECCAL (b) ACCEL
(c) CCALE (d) LECCA

Downloaded From : www.sforstudy.in

Downloaded From : www.sforstudy.in



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (b) | **3.** (d) | **4.** (a) | **5.** (a) | **6.** (a) | **7.** (d) | **8.** (a) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (a) | **12.** (d) | **13.** (d) | **14.** (a) | **15.** (c) | **16.** (d) | **17.** (c) | **18.** (d) | **19.** (b) | **20.** (d) |
| **21.** (b) | **22.** (d) | **23.** (d) | **24.** (c) | **25.** (c) | **26.** (d) | **27.** (c) | **28.** (c) | **29.** (b) | **30.** (d) |
| **31.** (a) | **32.** (c) | **33.** (b) | **34.** (d) | **35.** (d) | **36.** (c) | **37.** (a) | **38.** (d) | **39.** (c) | **40.** (b) |
| **41.** (a) | **42.** (a) | **43.** (d) | **44.** (a) | **45.** (a) | **46.** (a) | **47.** (a) | **48.** (c) | **49.** (a) | **50.** (b) |
| **51.** (a) | **52.** (b) | **53.** (c) | **54.** (c) | **55.** (d) | **56.** (b) | **57.** (c) | **58.** (d) | **59.** (*) | **60.** (b) |
| **61.** (a) | **62.** (c) | **63.** (b) | **64.** (b) | **65.** (c) | **66.** (c) | **67.** (a) | **68.** (d) | **69.** (a) | **70.** (d) |
| **71.** (c) | **72.** (c) | **73.** (c) | **74.** (c) | **75.** (a) | **76.** (b) | **77.** (a) | **78.** (b) | **79.** (b) | **80.** (b) |
| **81.** (a) | **82.** (a) | **83.** (a) | **84.** (b) | **85.** (d) | **86.** (a) | **87.** (d) | **88.** (b) | **89.** (c) | **90.** (c) |
| **91.** (a) | **92.** (a) | **93.** (b) | **94.** (c) | **95.** (a) | **96.** (c) | **97.** (a) | **98.** (b) | **99.** (d) | **100.** (a) |
| **101.** (c) | **102.** (d) | **103.** (c) | **104.** (a) | **105.** (a) | **106.** (d) | **107.** (c) | **108.** (a) | **109.** (d) | **110.** (a) |
| **111.** (d) | **112.** (d) | **113.** (d) | **114.** (b) | **115.** (d) | **116.** (b) | **117.** (d) | **118.** (d) | **119.** (a) | **120.** (a) |
| **121.** (b) | **122.** (a) | **123.** (a) | **124.** (b) | **125.** (b) | **126.** (a) | **127.** (d) | **128.** (d) | **129.** (c) | **130.** (a) |
| **131.** (b) | **132.** (a) | **133.** (a) | **134.** (d) | **135.** (d) | **136.** (a) | **137.** (a) | **138.** (d) | **139.** (d) | **140.** (b) |
| **141.** (d) | **142.** (d) | **143.** (c) | **144.** (c) | **145.** (d) | **146.** (a) | **147.** (a) | **148.** (c) | **149.** (b) | **150.** (a) |
| **151.** (b) | **152.** (b) | **153.** (c) | **154.** (a) | **155.** (a) | **156.** (b) | **157.** (b) | **158.** (b) | **159.** (c) | **160.** (b) |

## संकेत *एवं* हल

**1.** 'घोंसला' का बहुवचन शब्द **घोंसले** है।

**2.** एक **थाल** मोतियों से 'जड़ा'

**3.** **'कितनी नावों में कितनी बार'** रचना को 1978 में ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।

**4.** सही वाक्य है, **हमें परस्पर प्रेम से रहना चाहिए।**

**5.** **'भगवान'** शब्द का स्त्रीलिंग शब्द **'भगवती'** है।

**6.** ''प्लेटो प्रत्ययवादी का आत्मवादी दार्शनिक थे वाक्य में **'दार्शनिक'** त्रुटि है।

**7.** सही विकल्प **'पुनर्जागण'** है।

**8.** इस ग्रंथ को इतिहास की **'दृष्टि'** से भी एक महत्त्वपूर्ण रचना माना गया है।

**9.** जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताई जाए वह **विशेषण** कहलाता है।

**10.** 'जहाँ उपमालंकार का सौन्दर्य अर्थ में निहित हो', वहाँ **अर्थालंकार** होता है।

**11.** रचना शब्द का बहुवचन **'रचनाएँ'** हैं।

**12.** जहाँ किसी की बात किसी ओर पर डालकर कही जाए, वहां पर अन्योक्ति अलंकार होता है।

**13.** **'सुन्दर विलास'** कृति सूरदास की नहीं है।

**14.** **'निष्कवच'** उपन्यास **'राजी सेठ'** की कृति है।

**15.** **'पुराने चावल'** मुहावरे का सही अर्थ है, **'अनुभवी व्यक्ति'**

**16.** **'अंचल-रामेश्वर शुक्ल'** का उपनाम है।

**17.** **'अरण्य'** का समानार्थी शब्द **'कानन'** है।

**18.** 'बारिश बहुत ज्यादा हो रही है'– इस वाक्य में ज्यादा एक क्रिया विशेषण शब्द है।

**19.** 'गोष्ठी' शब्द का पर्यायवाची शब्द **'सभा'** है।

**20.** 'स्तुति' शब्द का विपरीतार्थक शब्द **'निन्दा'** है।

**21.** 'केहरी' शब्द **'केसरी'** है।

**22.** 'भर्ता' का स्त्रीलिंग शब्द **'भर्त्री'** है।

**23.** रवीन्द्रनाथ ठाकुर के नोबल पुरस्कार मिलने के **'सम्बन्ध'** में ब्रिटिश समाचार पत्रों में मिश्रित **'प्रतिक्रिया'** हुई।

**24.** वाक्य में उपमा अलंकार है।

उपमा शब्द का अर्थ होता है–तुलना। जब किसी व्यक्ति या वस्तु की तुलना किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु से ही जाए वहाँ उपमा अलंकार होता है।

**25.** वस्तु का बहुवचन शब्द **'वस्तुएँ'** हैं।

**26.** **'जंगल जहाँ शुरू होता है'** उपन्यास के रचयिता **'संजीव'** है।

**27.** सही वाक्य है, ''**पद्मावत** के रचयिता **जायसी** हैं।''

**28.** 'सुमित्रानन्दन पंत' को **'लोकायतन'** के लिए ''सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया।

**29.** गद्यांश 'पर्यटन' आज **उद्योग** का रूप धारण कर चुका है।

**30.** गद्यांश में पर्यटन शब्द **5** बार प्रयोग हुआ है।

**31.** 'लघु' शब्द का समानार्थी शब्द **'छोटा'** है।

**32.** घटना के बाद आजादी हासिल करने की इच्छा और जोर से **'उमड़'** पड़ी।

**33.** थोथ **'चना'** बाजे **'घना '** पूर्ण लोकोक्ति है।

**34.** जहाँ अनेक व्यंजनों की एक बार स्वरूपतः व क्रमशः अवृत्ति हो, **छेकानुप्रास** अलंकार होता है।

जहाँ वृत्ति के अनुसार एक या अनेक वर्णों की अनेक बार आवृत्ति होती है, वहाँ छेकानुप्रास अलंकार होता है। रसानुकूल भिन्न-भिन्न वर्ण रचना को वृत्ति कहते हैं।

''सेष्म महेष्स गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरन्तर गाँव।''

**35.** **'उत्थान'** शब्द का विपरीतार्थक शब्द **'पतन'** होगा।

**36.** प्राचीन भारतीय आर्य भाषा **वैदिक संस्कृत** है।